PLANET NEWS INDIA
हर खबर सच के साथ
Follow us on:/





# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया
हर खबर सच के साथ


RNI No.- UPHIN/25/A4228
भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त


## Constitution Day: 'संविधान की शक्ति ने साधारण व्यक्ति को पीएम पद तक पहुंचाया', PM मोदी का देशवासियों को पत्र



भारत आज संविधान दिवस मना रहा है। इस खास दिन को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नागरिकों के लिए चिट्ठी लिखी। पीएम ने अपील की है कि भारत के नागरिकों को अपने सांविधानिक कर्तव्यों को निभाना चाहिए, क्योंकि यह एक मजबूत लोकतंत्र का आधार हैं। पीएम ने अपनी यात्रा का जिक्र करते हुए पत्र में संविधान की शक्ति पर बात की उन्होंने कहा कि यह संविधान की ही ताकत थी जिसकी वजह से ही गरीब परिवार से आने वाले एक साधारण व्यक्ति प्रधानमंत्री पद तक पहुंचा। पीएम ने इस पत्र में आगे मतदान के अधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र को मजबूत करने की जिम्मेदारी पर भी जोर दिया। उन्होंने सुझाव दिया कि स्कूल और कॉलेज संविधान दिवस को मनाते हुए उन युवाओं को सम्मानित करें जो 18 वर्ष की आयु पूरी कर पहली बार मतदाता बने हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने महात्मा गांधी के इस विचार को याद किया कि अधिकार, कर्तव्यों के पालन से उत्पन्न होते हैं। उन्होंने कहा कि कर्तव्यों का पालन सामाजिक और आर्थिक प्रगति की नींव है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज लिए गए निर्णय और नीतियां आने वाली पीढ़ियों के जीवन को आकार देंगी। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे विकसित भारत के संकल्प की ओर बढ़ते हुए अपने कर्तव्यों को सर्वोपरि रखें।

## Russia Ukraine War यूक्रेन के साथ शांति वार्ता के लिए रूस की मदद कर रहा अमेरिका, रिपोर्ट में बड़ा दावा



एक मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि यूक्रेन के साथ शांति वार्ता को आगे बढ़ाने के लिए अमेरिका, रूस की मदद कर रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विशेष सलाहकार स्टीप विटकॉफ ने बीते दिनों रूस के एक शीर्ष अधिकारी को फोन कर सलाह दी थी कि रूस को किस तरह से ट्रंप के सामने यूक्रेन के साथ शांति वार्ता की योजना पेश करनी चाहिए। रिपोर्ट के अनुसार, स्टीव विटकॉफ ने बीती 14 अक्तूबर को पुतिन के शीर्ष विदेश मामलों के सलाहकार यूरी उशाकोव के साथ पांच मिनट से ज्यादा फोन पर बात की थी। इस बातचीत के दौरान विटकॉफ ने रूसी अधिकारी को सलाह दी कि पुतिन को राष्ट्रपति ट्रंप के सामने यूक्रेन में संघर्ष विराम का मुद्दा उठाना चाहिए। इस बातचीत में विटकॉफ ने ही यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की के वॉशिंगटन दौरे से पहले पुतिन-ट्रंप के बीच फोन कॉल की सलाह दी थी। जेलेंस्की ने बीती 17 अक्तूबर को वॉशिंगटन का दौरा किया था। इसके बाद 24-26 अक्तूबर को विटकॉफ ने मियामी में रूस के एक शीर्ष अधिकारी से मुलाकात की और फिर 29 अक्तूबर को विटकॉफ ने रूसी अधिकारियों के साथ फोन पर विस्तृत चर्चा की थी। हालांकि इस खुलासे पर अमेरिका और रूस की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई है।

## Delhi: पुलिस के 'ऑपरेशन कवच 11.0' से अपराधियों पर कसा शिकंजा, 24 घंटे में 159 जगहों पर छापेमारी, 166 गिरफ्तारी



दिल्ली की वेस्ट डिस्ट्रिक्ट पुलिस ने 'ऑपरेशन कवच 11.0' के तहत अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई की है। 24 नवंबर 2025 की शाम 6 बजे से लेकर 25 नवंबर 2025 की शाम 6 बजे तक चले 24 घंटे के इस बड़े अभियान में पुलिस ने 166 लोगों को गिरफ्तार किया, 627 संदिग्धों को हिरासत में लिया और 159 जगहों पर छापेमारी की। इस दौरान 276 चालान काटे गए, 2784 क्वार्टर अवैध शराब जब्त की गई और 48,250 रुपये नकद बरामद किए गए। 'ऑपरेशन कवच 11.0' को पुलिस मुख्यालय के निर्देशों पर चलाया गया था, जिसमें नशे के सौदागरों, अवैध शराब तस्करों, हथियार रखने वालों, जुआरियों, बीएनएस का उल्लंघन करने वालों, डीपी एक्ट तोड़ने वालों, कोटपा एक्ट के अपराधियों और अन्य असामाजिक तत्वों पर निशाना साधा गया। अभियान की कमान वेस्ट डिस्ट्रिक्ट के डीसीपी के अधीन थी, जिसमें सभी 12 थानों और स्पेशल यूनिट्स ने पूरा योगदान दिया। इनमें स्पेशल स्टाफ/वेस्ट, एंटी नारकोटिक्स स्क्वाड, एएटीएस/वेस्ट और टेक्निकल सर्विलांस यूनिट्स शामिल थीं। ऑपरेशन के तहत कुल 71 टीमों ने हॉटस्पॉट्स, झुग्गी-झोपड़ी इलाकों, औद्योगिक क्लस्टरों, शराब की तस्करी वाली रूटों, संदिग्ध जगहों, एकांत इलाकों, रात में होने वाले अपराधों वाली जगहों और सुनसान सड़कों पर छापेमारी की। अभियान के दौरान पुलिस ने लगातार नाकाबंदी और मोबाइल गश्त की, तकनीकी और मानवीय खुफिया जानकारी का इस्तेमाल किया,

## UP: राम नाम की स्याही से दिया 10 वर्ष का रोडमैप
### संघर्ष से सृजन तक की सुनाई गाथा; अयोध्या से विश्व को संदेश




राम नाम की स्याही से 10 वर्ष का रोडमैप दिया है। साल 2035 तक देश को मानसिकता की गुलामी से मुक्त बनाने का संकल्प लिया गया है। पीएम मोदी ने राम मंदिर के संघर्ष से सृजन तक की गाथा सुनाई। सबके योगदान को नमन किया। ध्वजारोहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राम मंदिर की पूर्णता के शंखनाद से राष्ट्रीय एकता के नए अध्याय की शुरुआत की। इसी दौरान राम नाम की स्याही से वह देश को आगामी 10 साल का रोडमैप दे गए। इसी रोडमैप के सहारे वर्ष 2047 तक देश को विकसित भारत बनाने का संकल्प भी दोहराया।

500 साल के संघर्षों का प्रतीक रहे राम मंदिर के शिखर पर प्रधानमंत्री ने मंगलवार को धर्मध्वज फहराया तो भारतीय संस्कृति के अभ्युदय का एक नया अध्याय लिखा गया। इस दौरान उन्होंने राम मंदिर और भगवान राम के आदर्शों का हवाला देते हुए अपनी विरासत पर गर्व करने की बात कही। कहा कि देश को आगे बढ़ाना है तो अपनी विरासत पर गर्व पर करना होगा। गुलामी की मानसिकता से पूरी तरह मुक्ति लेनी होगी।

## Uttarakhand: मतदाता सूची में नाम जोड़ना या हटाना तो तत्काल भरें फॉर्म, विभाग दे रहा नया वोट बनवाने का मौका



**उत्तराखंड में चुनाव आयोग** का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) शुरू होने से पहले आप अपना वोट बनवा सकते हैं। नाम हटवा सकते हैं। पता बदलवा सकते हैं। एसआईआर शुरू होने के बाद यह प्रक्रिया रुक जाएगी, केवल आवेदन हो पाएगा। जिन मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट में दो जगह है, वह तत्काल एक जगह से अपना नाम हटवा लें। दो जगह नाम होने पर आपको चुनाव आयोग के नोटिस का सामना करना पड़ सकता है। इसी प्रकार, जिन लोगों का वोट नहीं है, वह भी अपना वोट बनवा सकते हैं ताकि एसआईआर का हिस्सा बन सकें। उत्तराखंड में अभी यह पूरी प्रक्रिया गतिमान है। एक बार एसआईआर की घोषणा होने के बाद प्रक्रिया रुक जाएगी। केवल आवेदन होंगे, जिनका निस्तारण एसआईआर पूरा होने के बाद ही हो पाएगा।

## दिल्ली बम ब्लास्ट: उमर को नूंह लेकर गया बहन के घर ठहराया; सफेदपोश आतंकी का सातवां मददगार शोएब गिरफ्तार



लाल किले के पास हुए कार बम धमाके के मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (NIA) ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। NIA ने फरीदाबाद से शोएब नामक एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि शोएब ने आतंकी उमर नबी को धमाके से ठीक पहले न केवल पनाह दी, बल्कि लॉजिस्टिक सपोर्ट भी मुहैया कराया था। इस गिरफ्तारी के साथ ही इस मामले में अब तक कुल गिरफ्तार आरोपियों की संख्या सात हो गई है। सूत्रों के अनुसार, शोएब की गिरफ्तारी के बाद मामले की परतें खुलनी शुरू हो गई हैं। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, शोएब को पहले भी इस मामले में पूछताछ के लिए बुलाया गया था और फिर छोड़ दिया गया था। हालांकि, ताजा खुलासों के बाद उसे दोबारा पूछताछ के लिए बुलाया गया और उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

## रेल यात्रियों के लिए 'अलर्ट': 1 दिसंबर से 28 फरवरी तक कई ट्रेनें रद्द, दिल्ली-यूपी और हरियाणा के कई रूट शामिल




घने कोहरे को देखते हुए उत्तर रेलवे ने 1 दिसंबर से 28 फरवरी 2026 तक कई ट्रेनों को अस्थायी रूप से रद्द करने का फैसला किया है। रेलवे ने यात्रा योजना बनाने से पहले ट्रेन की स्थिति जांचने की अपील की है। रेलवे के अनुसार दिल्ली, गाजियाबाद, जींद, शामली, बरेली, कोसी कलां,

# Aaj Ka Rashifal 26 November

## इन राशि वालों की होगी इच्छा पूरी और बनेंगे बिगड़े काम

26 November Ka Rashifal: आचार्य मानस शर्मा से जानिए चंद्र राशि पर आधारित मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन राशि वालों के लिए 26 नवंबर 2025 का राशिफल।आज 26 नवंबर, बुधवार मार्गशीर्ष माह के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि है। आज के दिन ग्रहों की चाल में बहुत बड़े बदलाव के संकेत हैं। आज के दिन चंद्रमा का गोचर दिनरात श्रवण नक्षत्र और मकर राशि में होगा।



### मेष

आज आपकी कुछ नए लोगों से जान पहचान बढ़ेगी, जिससे आपको बिजनेस को एक नई राह में आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी, लेकिन आप ऊर्जा से भरपूर रहेंगे, जिससे आप अपने सभी कामों को करने के लिए तत्पर रहेंगे। विद्यार्थी किसी खेलकूद से संबंधित प्रतियोगिता में भाग लेंगे और आपकी राजनीति में भी अच्छी छाप रहेगी, जिससे आपके जन समर्थन में भी इजाफा होगा। आप कहीं घूमने-फिरने जाने की प्लानिंग कर सकते हैं।

### वृषभ

आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपको अपने किसी लेनदेन से संबंधित मामले पर पूरा ध्यान देना होगा। किसी विपरीत परिस्थिति में भी आप धैर्य बनाए रखें और अपनी संतान के मनमाने व्यवहार को लेकर आप थोड़ा परेशान तो रहेंगे, लेकिन आप उनकी जिम्मेदारियों को फिर भी पूरा करेंगे। आपको राजनीति में कदम थोड़ा सोच समझकर बढ़ाने होंगे और आप किसी की कहासुनी बातों पर भरोसा करके आप किसी समस्या में आ सकते हैं।

### मिथुन

आज आपके कोई मन की इच्छा पूरी होने से खुशी होगी। यदि किसी काम को लेकर आप लंबे समय से परेशान थे, तो वह पूरा हो सकता है। आपको भी किसी शारीरिक समस्या से छुटकारा मिलेगा और आप अपनी इनकम को ध्यान में रखकर व्यय करेंगे, जिससे आपकी सेविंग और भी बढ़ेंगी। आप अपने भाई- बहनों से पारिवारिक बिजनेस को लेकर बातचीत करेंगे, जिससे उसे एक नई राह मिलेगी।

### कर्क

आज आप अपने खर्चो को कंट्रोल करने की कोशिश करेंगे, लेकिन आपके मनमौजी स्वभाव के कारण आपके खर्चे बढ़ेंगे। आपकी किसी बात को लेकर परिवार के किसी सदस्य से खटपट हो सकती है। आप अपने बेफिजूल के खर्चों को करने के बारे में बिल्कुल ना सोचे। परिवार में ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति का आगमन हो सकता है, जिससे माहौल खुशनुमा रहेगा। आप किसी अजनबी की बातों में ना आएं।

### सिंह

आज का दिन आपके लिए समस्याओं से भरा रहने वाला है। आज आपका मन काम को लेकर परेशान रहेगा। यदि आप किसी नए मकान आदि की खरीदारी करें, तो उसमें आपको अपनी जेब का ख्याल अवश्य रखना होगा। परिवार में किसी बात को लेकर बेवजह कलह उत्पन्न हो सकती है, जो आपकी टेंशनों को बढ़ाएगी। आपकी अपने पिताजी से किसी बात को लेकर खटपट हो सकती है। आप अच्छे खान पान का आनंद लेंगे, लेकिन कोई पेट संबंधित समस्या आपको टेंशन देगी।

### कन्या

आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपकी नौकरी में अपने बॉस से यदि किसी बात को लेकर अनबन चल रही थी, तो वह भी दूर होगी। आप अपने कामों को समय से पूरा करके बॉस को काफी खुश रखेंगे और जीवनसाथी की ओर से कोई सरप्राइज गिफ्ट मिल सकता है। बिजनेस में दीर्घकालीन योजनाओं को गति मिलेगी और आपकी किसी से कोई बड़ी डील भी फाइनल होने की संभावना है। आप अपने घर के रिजर्वेशन का काम भी शुरू कर सकते हैं।

### तुला

आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। आपको कोई जिम्मेदारी भरा काम मिलेगा, लेकिन फिर भी आप उससे घबराएंगे नहीं और आपकी समझ से कामों में एक नई पहचान बनेगी। आपको किसी नए पद की प्राप्ति भी हो सकती है, लेकिन आपको अपने ईर्ष्यालु और झगड़ा करने वाले लोगों से सावधान रहने की आवश्यकता है। माता-पिता से आप कुछ पारिवारिक मामलों को लेकर बातचीत करेंगे। रक्त संबंधी रिश्तों में मजबूती आएगी।

### वृश्चिक

आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपको धैर्य और साहस से काम लेने की आवश्यकता है और कोई निर्णय जल्दबाजी में ना लें। आपकी किसी पुरानी गलती से पर्दा उठ सकता है। आपके भाई व बहनों से खूब पटेगी और आप बिजनेस में भी कुछ नई योजनाओं पर अच्छा खासा धन लगाएंगे और किसी के साथ पार्टनरशिप कर सकते हैं। आपको अपने किसी पुराने लोन आदि से भी छुटकारा मिलेगा।

### धनु

आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आपके रहन-सहन के स्तर में सुधार आएगा। वाणी के मधुरता बनाए रखेंगे, जिससे आपकी कुछ नए लोगों से जान पहचान बढ़ेगी। आपको अपने आसपास रह रहे लोगों को पहचान कर चलना होगा, क्योंकि आपके कुछ नए विरोधी उत्पन्न हो सकते हैं, जो आपको परेशान करने की कोशिश करेंगे। आप किसी महत्वपूर्ण चर्चा में सम्मिलित होंगे, जिसमें आप अपनी राय अवश्य दें। भगवान की भक्ति में आपका खूब मन लगेगा।

### मकर

आज का दिन राजनीति में कार्यरत लोगों के लिए बढ़िया रहने वाला है। आपकी अपने किसी परिजन से लंबे समय बाद मुलाकात होगी। आप अपने किसी गलती को दोहराएं ना, नहीं तो इससे आपका कोई वाद-विवाद खड़ा हो सकता है और आपको किसी नए पद की प्राप्ति होने से भी मन काफी खुश रहेगा। परिवार में किसी सरप्राइज पार्टी का आयोजन हो सकता है। जीवनसाथी आपके कामों में पूरा साथ देंगे, जिससे आपको काम करने में भी खूब मजा आएगा।

### कुंभ

आज का दिन आपके लिए उन्नति की राह में आगे बढ़ने के लिए रहेगा। आप जिस काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको सफलता अवश्य मिलेगी और आपकी माताजी आपको कोई जिम्मेदारी दे सकती हैं, जिसको लेकर आप ढील बिल्कुल न दें। जो जातक किसी सरकारी काम के पूरा न होने से परेशान है, तो उनका वह काम भी पूरा होगा। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। घूमने-फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी।

### मीन

आज आप परोपकार के कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे और आप परिवार के सदस्यों के साथ आनंदमय समय व्यतीत करेंगे। आपने यदि किसी को धन उधार दिया था, तो वह भी आपको वापस मिल सकता है। माताजी का कोई पुराना रोग भरने से थोड़ी टेंशन होगी, लेकिन किसी अच्छे डॉक्टर के परामर्श से आपकी यह समस्या भी दूर होगी। आप संतान के भविष्य को लेकर उनके गुरुजनों से बातचीत कर सकते हैं।

ऐसे में आज का दिन मिथुन, सिंह और वृश्चिक राशि वालों के लिए विशेष रूप से लाभदायक रहेगा। आइए जानते हैं आज का राशिफल। राशिफल को निकालते समय ग्रह-नक्षत्र के साथ-साथ पंचांग की गणना का विश्लेषण किया जाता है। दैनिक राशिफल (Dainik Rashifal) ग्रह-नक्षत्र की चाल पर आधारित फलादेश है, जिसमें सभी राशियों (मेष, वृष, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन) का दैनिक भविष्यफल विस्तार से बताया जाता हैआज के राशिफल में आपके लिए नौकरी, व्यापार, लेन-देन, परिवार और मित्रों के साथ संबंध, सेहत और दिनभर में होने वाली शुभ-अशुभ घटनाओं का भविष्यफल होता है।

# UP: लखीमपुर खीरी में दर्दनाक हादसा,

## नदी में गिरी कार... डूबने से पांच लोगों की मौत, चालक घायल



लखीमपुर खीरी में दर्दनाक हादसा हुआ है। एक कार बेकाबू होकर नदी में गिर गई। हादसे में कार में सवार पांच लोगों की डूबने से मौत हो गई, जबकि चालक घायल हुआ है। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जनपद में मंगलवार आधी रात के बाद एक भयावह सड़क हादसा हुआ, एक कार अनियंत्रित होकर नदी में जा गिरी। इस हादसे में कार में सवार छह लोगों में से पांच की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि चालक घायल है, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।पढ़ुआ थाना क्षेत्र के गिरजापुरी बैराज से पहले स्थित शारदा सायफन के पास देर रात दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हो गया। शादी समारोह से वापस लौट रही एक ऑल्टो कार अनियंत्रित होकर शारदा सायफन में जा गिरी, जिससे कार में सवार पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चालक को गंभीर हालत में बचा लिया गया। हादसा सोमवार देर रात करीब 12 बजे हुआ।पढ़ुआ थाना प्रभारी अभिषेक सिंह के मुताबिक, कार में सवार जितेंद्र पुत्र विपिन बिहारी निवासी घाघरा बैराज, घनश्याम पुत्र बल्लू निवासी घाघरा बैराज, लालजी पुत्र मेवा लाल निवासी सीशियन पुरवा, अजीमुल्ला पुत्र अज्ञात निवासी गिरजापुरी, सुरेंद्र पुत्र विशुसोखा निवासी रामवृक्ष पुरवा थाना सुजौली जनपद बहराइच,लखीमपुर से शादी निपटाकर कार से बहराइच जनपद की तरफ वापस जा रहे थे। रास्ते में शारदा सायफन के पास चालक को गाड़ी चलाते समय नींद की झपकी आने से वाहन नियंत्रण खो बैठा और सीधे सायफन में जा गिरा।सूचना मिलते ही पढ़ुआ प्रभारी थानाध्यक्ष अभिषेक सिंह दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और रेस्क्यू अभियान चलाया। कार चालक बबलू पुत्र राजेश निवासी गिरजापुरी थाना सुजौली जनपद बहराइच को पुलिस ने बाहर निकालकर प्राथमिक उपचार के लिए भेजा, जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। जबकि कार में सवार अन्य पांच लोगों की नदी में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने शवों को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए लखीमपुर भेजा।

# Delhi Pollution:दिल्ली में 'जहरीली' हवा,

## दिल्ली में 'जहरीली' हवा, AQI 400 के पार, NCR तक वायु प्रदूषण का गंभीर स्तर




Delhi-NCR AQI Today: राजधानी में सोमवार सुबह हवा गंभीर श्रेणी की दहलीज पर पहुंच गई। दिल्ली-गाजियाबाद बॉर्डर के पास गाजीपुर इलाके में स्मॉग की एक परत छाई हुई है। जहां एक्यूआई 441 रिकॉर्ड किया गया। राजधानी दिल्ली में वायु प्रदूषण की स्थिति बेहद चिंताजनक बनी हुई है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, गाजीपुर इलाके में वायु गुणवत्ता सूचकांक 441 दर्ज किया गया है, जो 'गंभीर' श्रेणी में आता है। इस गंभीर स्तर के वायु प्रदूषण के कारण गाजीपुर सहित दिल्ली के कई हिस्सों में स्मॉग की मोटी चादर छाई हुई है। फरीदाबाद का प्रदूषण स्तर चिंताजनक बना हुआ है। बल्लभगढ़ में अपर्याप्त डेटा उपलब्ध है, जबकि एनआईटी क्षेत्र में 266 (गंभीर), सेक्टर 11 में 245 (खराब) और सेक्टर 30 में 205 एक्यूआई (मध्यम से खराब) दर्ज किया गया है। PM2.5 और PM10 मुख्य प्रदूषक हैं। विशेषज्ञ सलाह देते हैं कि बाहर कम समय बिताएं, मास्क पहनें और स्वास्थ्य प्रभावों से सावधान रहें। वायु गुणवत्ता सूचकांक का 401 से 500 के बीच होना 'गंभीर' श्रेणी में गिना जाता है। इस स्तर का प्रदूषण स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक होता है। गंभीर वायु प्रदूषण के कारण लोगों को सांस लेने में तकलीफ, आंखों में जलन, गले में खराश और अन्य श्वसन संबंधी बीमारियों का सामना करना पड़ सकता है। विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों और पहले से ही श्वसन संबंधी समस्याओं से जूझ रहे लोगों के लिए यह स्थिति जानलेवा साबित हो सकती है

# क्यों इंफ्लुएंसर के निशाने पर विधु विनोद चोपड़ा? यूजर्स ने दिखाया फिल्ममेकर को आइना, जानें क्या है पूरा मामला



Vidhu Vinod Chopra Trolled: पिछले दिनों भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (IFFI) में विधु विनोद चोपड़ा ने इंफ्लुएंसर को लेकर ऐसी बात कह दी कि वह अब ट्रोलिंग का शिकार हो गए हैं। सोशल मीडिया ने फिल्ममेकर की सोच पर ही तंज कस दिया है। जानिए, क्या है ये पूरा मामला।फिल्ममेकर विधु विनोद चोपड़ा बॉलीवुड में बेहतरीन फिल्में बनाने के लिए जाने जाते हैं। उनकी फिल्म 12वीं फेल' को काफी सराहा गया था। साथ ही वह कई मुद्दों पर बेबाकी से अपनी राय भी रखते हैं। हाल ही में भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (IFFI) में उन्होंने इंफ्लुएंसर कल्चर पर एक बयान दिया। इसके बाद से ही वह ट्रोल हो रहे हैं। सोशल मीडिया पर यूजर्स, इंफ्लुएंसर फिल्ममेकर को आइना दिखा रहे हैं। वह एक अलग ही कहानी सबसे सामने ला रहे हैं।फिल्म फेस्टिवल में विधु विनोद चोपड़ा ने इंफ्लुएंसर को अपशब्द कहे। वह कहते हैं, 'वो नेट पर जाकर ऐसे खड़ा हो जाता है और हो गया 5 मिलियन फॉलोअर्स। वैसे खड़ा हो जाता है तो हो गया 10 मिलियन फॉलोअर्स। उसको लगता है कि मैं बाप हूं। फिर ब्रांड्स उस शख्स के पास जाते हैं और कहते हैं कि हमारा प्रोडक्ट बेच दो। यह क्या बकवास चल रहा है?' वह आगे कहते हैं, विधु विनोद चोपड़ा की बात से इंफ्लुएंसर और सोशल मीडिया यूजर्स सहमत नहीं है। वह फिल्ममेकर को ट्रोल कर रहे हैं। कई लोगों ने बताया कि फिल्ममेकर के कास्टिंग डायरेक्टर ही पूछते हैं कि कितने फॉलोअर्स सोशल मीडिया पर हैं। कई यूजर्स को लगता है कि आम आदमी सेलिब्रिटी बन गया तो इन लोगों को तकलीफ हो रही है। कई लोगों ने विधु विनोद चोपड़ा की बातों को उनकी हताशा बताया। ऐसे ही कई कमेंट्स सोशल मीडिया पर इस फिल्ममेकर के लिए किए गए हैं।विधु विनोद चोपड़ा ने साल 2023 में फिल्म '12वीं फेल' बनाई थी। पिछले साल इसी फिल्म की मेकिंग पर एक डॉक्यूमेंट्री 'जीरो से रीस्टार्ट' को प्रोड्यूस भी किया था।

# फैंस की वजह से हफ्ते में एक बार रो पड़ती हैं अनीत पड्डा, एक्ट्रेस ने शेयर की दिल की बात

Aneet Padda: सैयारा एक्ट्रेस अनीत पड्डा ने हाल ही में एक इंटरव्यू में बताया कि वह हफते में एक बार कुछ ऐसा देखकर इतनी इमोशनल हो जाती हैं कि वह रो पड़ती हैं।अनीत पड्डा ने हाल ही में बताया कि वह बहुत जल्दी इमोशनल हो जाती हैं। वह हफ्ते में एक बार कुछ ऐसा देख लेती हैं कि खुद को रोने से रोक नहीं पाती हैं। उनका कहना है कि इन खास चीजों में उनको प्यार महसूस होता है। जिससे उन्हें अपने काम को और बेहतर करने का दबाव भी महसूस होता है।अनीत ने मॉडलिंग से अपना करियर शुरू किया। 2022 में उन्होंने काजोल के साथ फिल्म सलाम वेंकी' से छोटी भूमिका निभाई, लेकिन उन्हें असली पहचान नहीं मिली। इसके बाद 2024 में अनीत ने वेब सीरीज 'बिग गर्ल्स डोंट क्राई' में अभिनय किया, लेकिन फिर भी लोगों ने उन्हें नोटिस नहीं किया।अनीत पड्डा जल्द ही हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'शक्ति शालिनी' में नजर आएंगी। 'शक्ति शालिनी' मैडॉक हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स की एक आगामी हॉरर-कॉमेडी फिल्म है। इस फिल्म में अनीत पड्डा मुख्य भूमिका निभाएंगी।यह फिल्म दिसंबर 2026 में रिलीज हो सकती है



23 साल की अनीत ने ग्राजिया इंडिया से बातचीत में कहा,'मैं बहुत संवेदनशील हूं। जो प्यार मुझे फैंस से मिल रहा है, उसके साथ न्याय करने की जिम्मेदारी कभी-कभी भारी लगती है। ये बहुत खूबसूरत है,लेकिन कई बार बहुत ज्यादा भी हो जाता है। अनीत कहती हैं कि फैंस का इतना प्यार देखकर अच्छा लगता है, लेकिन उम्मीद भी बढ़जाती है कि वह उस प्यार के लायक बनें। यही वजह है कि फैन एडिट्स देखकर उनकी आंखें भर आती हैं।

# लॉस एंजिल्स लौटीं प्रियंका चोपड़ा, शेयर की प्यारी सेल्फी; फैंस ने लुटाया 'वाराणसी' एक्ट्रेस पर प्यार



Priyanka Chopra: प्रियंका चोपड़ा इन दिनों अपनी आगामी बहुचर्चित साउथ फिल्म 'वाराणसी' को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। घर वापस आने की खुशी में प्रियंका ने सोशल मीडिया हैंडल की स्टोरी पर एक प्यारी सेल्फी शेयर की, जो उनके फैंस को बंहद पसंद आ रही है। ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा पिछले कुछ समय से हैदराबाद में एसएस राजामौली की फिल्म 'वाराणसी' की शूटिंग कर रही थीं। अब वह अपने लॉस एंजिल्स वाले घर लौट गई हैं, जहां वह अपनी बेटी मालती मैरी और पति निक जोनस के साथ रहती हैं।प्रियंका अपने लॉस एंजिल्स वाले घर वापस लौट चुकी हैं। घर से उन्होंने अपनी एक प्यारी सेल्फी शेयर की है, जिसमें वह अपने घर की छत पर खड़ी नजर आ रही हैं। इस सेल्फी में प्रियंका कैजुअल कपड़ों में हैं और हाथ से 'V' (विक्ट्री) का निशान बनाती नजर आ रही हैं। इस सेल्फी के साथ प्रियंका ने लिखा – 'घर'। इसके साथ ही उन्होंने लाल दिल वाला इमोजी भी बनाया। प्रियंका की यह सेल्फी उनके फैंस को बेहद प्यारी लग रही है।हाल ही में प्रियंका एक डॉक्यूमेंट्री 'Born Hungry' की निर्मात्री बनी हैं। इसमें एक बच्चे सैश की कहानी है, जिसे बचपन में बहुत तकलीफे झेलनी पड़ीं। प्रियंका ने बताया कि वह खुद भारत और अमेरिका – दो अलग-अलग संस्कृतियों के बीच बड़ी हुई हैं, इसलिए सैश की पहचान की तलाश उन्हें अपनी जिंदगी से जुड़ी लगी।

प्रियंका इन दिनों निर्देशक एसएस राजामौली की आगामी बहुचर्चित फिल्म 'वाराणसी' को लेकर चर्चा में हैं। इसमें वह साउथ सुपरस्टार महेश बाबू के साथ नजर आएंगी। प्रियंका और महेश के अलावा इस फिल्म में साउथ हीरो पृथ्वीराज सुकुमारन विलेन की भूमिका में नजर आएंगे। यह एक एडवेंचर फिल्म है। इसमें महेश बाबू एक शिव भक्त के किरदार में हैं, जो एक प्राचीन कलाकृति की तलाश में निकलता है। फिल्म 2027 में हिंदी, तेलुगु, तमिल, मलयालम और कन्नड़ भाषाओं में रिलीज होगी।

# कैसे सच हुआ शाहरुख का सपना, 'मन्नत' से पहले क्या था इस आलीशान बंगले का नाम, बाहर हुई थी 'यस बॉस' की शूटिंग



शाहरुख खान के 'मन्नत' जैसे आलीशान बंगले पाने की ख्वाहिश हर किसी को होगी।आज पूरी दुनिया किंग के बंगले में एक बार जाने के लिए तरसती है, लेकिन बहुत कम लोग जानते हैं कि शाहरुख ने इसे सबसे पहले साल 1997 में फिल्म 'यस बॉस' की शूटिंगके दौरान देखा था और वहीं कह दिया था- 'एक दिन ये मेरा होगा।''यस बॉस' के गाने 'चांद तारे तोड़ लाऊं..' की शूटिंग बांद्रा के बैंडस्टैंड पर हो रही थी। सामने समुद्र था और ठीक उसके किनारे एक बहुत सुंदर पुराना बंगला था। शूटिंग के दौरान शाहरुख ने उस बंगले की तरफ इशारा करके अपनी को-स्टार जूही चावला और डायरेक्टर अजीज मिर्जा से कहा, 'देखो, ये घर मैं एक दिन जरूर खरीदूंगा।' उस समय किसी ने नहीं सोच सकता था कि शाहरुख के मजाक में कही यह बात सच हो जाएगी।एक इंटरव्यू के दौरान शाहरुख ने बताया था कि वो दिल्ली में पले-बढ़े थे और वहां उनके पास भी एक बंगला था। मुंबई आने के बाद वो हमेशा सोचते थे कि अगर यहां घर लेंगे तो बहुत बड़ा और खुला-खुला बंगला ही लेंगे, जो दिल्ली वाले घर की याद दिलाए। मन्नत को देखते ही उन्हें लगा कि यही वो घर है। साल 2001 में शाहरुख-गौरी ने ये बंगला खरीद लिया। पहले इस बंगले का नाम 'जन्नत' था। फिर 2005 में इस आलीशान बंगले का नाम 'जन्नत' से बदलकर 'मन्नत' कर दिया गया, क्योंकि ये शाहरुख के मन की इच्छा (मन्नत) पूरी होने का प्रतीक था। शाहरुख जल्द ही फिल्म 'किंग' में नजर आएंगे, जिसमें उनकी बेटी सुहाना खान भी अहम भूमिका में होंगी। यह फिल्म 2026 के आखिर में रिलीज हो सकती है। फिल्म 'किंग' को सिद्धार्थ आनंद डायरेक्ट कर रहे हैं। इसका निर्माण गौरी खान और ममता आनंद ने रेड चिलीज एंटरटेनमेंट और मार्फ्लिक्स एंटरटेनमेंट के बैनर तले किया जा रहा है। इस फिल्म में शाहरुख खान और सुहाना खान के अलावा अभिषेक बच्चन भी मुख्य भूमिका में नजर आ सकते हैं।फिल्म 'यस बॉस' एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है। इसका निर्देशन अजीज मिर्जा ने किया है। इस फिल्म में शाहरुख खान के अलावा आदित्य पंचोली और जूही चावला ने मुख्य भूमिका निभाई है। रतन जैन द्वारा निर्मित, यह फिल्म माइकल जे फॉक्स अभिनीत फिल्म 'फॉर लव ऑर मनी'

# IFFI में 'शोले' की स्क्रीनिंग रद्द, आयोजकों ने बताया कारण; समापन समारोह में दी जाएगी धर्मेंद्र को श्रद्धांजलि



IFFI Cancel Film Sholay Screening: फिल्म 'शोले' की स्क्रीनिंग भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (IFFI) में होने वाली थी लेकिन अब इसे रद्द कर दिया गया है। फिल्म फेस्टिवल के समापन पर दिवंगत अभिनेता धर्मेंद्र को श्रद्धांजलि दी जाएगी।पीटीआई की खबर के अनुसार अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (IFFI) में फिल्म 'शोले' की स्क्रीनिंग को रद्द कर दिया है। आखिर ऐसा किस वजह से हुआ? जानिए। साथ ही अभिनेता धर्मेंद्र को इस फिल्म फेस्टिवल के आखिरी दिन विशेष श्रद्धांजलि दी जाएगी। नेशनल फिल्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (NFDC) के मैनेजिंग डायरेक्टर प्रकाश मगदुम ने पीटीआई से बातचीत में कहा, 'हम फिल्म फेस्टिवल की क्लोजिंग सेरेमनी में अपने प्यारे और लीजेंड एक्टर धर्मेंद्र को श्रद्धांजलि देंगे।

# The Bonus Market Update

## हरे निशान पर खुला शेयर बाजार; सेंसेक्स 307 अंक चढ़ा, निफ्टी 25900 के ऊपर



वैश्विक बाजारों में तेजी और ताजा विदेशी पूंजी प्रवाह के साथ शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में तीन दिन की गिरावट के बाद बुधवार को शुरुआती कारोबार में तेजी दर्ज की गई। शुरुआती कारोबार में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 307.93 अंक चढ़कर 84,894.94 अंक पर पहुंच गया। 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 93.5 अंक बढ़कर 25,978.30 अंक पर पहुंच गया। सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स, अडानी पोर्ट्स, टाटा स्टील, ट्रेंट, पावर ग्रिड और एक्सिस बैंक प्रमुख लाभ में रहे। सुबह के कारोबार के दौरान भारती एयरटेल एकमात्र पिछड़ने वाली कंपनी रही। एशियाई बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कोस्पी, जापान का निक्केई 225 सूचकांक, शंघाई का एसएसई कम्पोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंग सेंग सूचकांक सकारात्मक क्षेत्र में कारोबार कर रहे थे। मंगलवार को अमेरिकी बाजार बढ़त के साथ बंद हुए। ऑनलाइन ट्रेडिंग और वेल्थ टेक फर्म एनरिच मनी के सीईओ पोनमुडी आर ने कहा कि वैश्विक बाजार आज सुबह भारतीय इक्विटी के लिए मजबूत और सहायक पृष्ठभूमि पेश कर रहे हैं। अमेरिकी सूचकांकों ने रातोंरात मजबूत बढ़त दर्ज की, जबकि एशियाई बाजार अमेरिका के नवीनतम आर्थिक आंकड़ों - जिसमें सितंबर के खुदरा बिक्री और उत्पादक मूल्य डेटा शामिल हैं, के बाद हरे रंग में मजबूती से कारोबार कर रहे हैं। इससे मांग में नरमी और मुद्रास्फीति में कमी का संकेत मिलता है, जिससे दिसंबर में ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदें मजबूत होती हैं।

## Mutual Fund: स्मॉल-मिडकैप हुए महंगे, लार्जकैप में निवेश से मिला बेहतर और स्थिर रिटर्न; रिपोर्ट में खुलासा




मिड-स्मॉलकैप शेयरों की तेजी के बीच विशेषज्ञ लार्जकैप में निवेश को सुरक्षित और लाभदायक मान रहे हैं। आईसीआईसीआई प्रू लार्ज कैप ने 17 साल में मजबूत रिटर्न दिए। मिड और स्मॉलकैप शेयरों की कीमतें तेजी से बढ़ी हैं। इसके चलते निवेशकों को सतर्क रहना चाहिए मिड और स्मॉलकैप शेयरों की कीमतें तेजी से बढ़ी हैं। इसके चलते निवेशकों को सतर्क रहना चाहिए और लार्ज कैप में निवेश पर विचार करना चाहिए। बाजार के माहौल में लार्ज कैप बेहतर जोखिम-समायोजित रिटर्न दे सकते हैं। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल के फंड मैनेजर अनिश तवाकले कहते हैं, लार्ज कैप में निवेश से अशांत समय में स्थिरता मिलती है। लंबी अवधि में संपत्ति निर्माण में मदद मिलती है। लार्ज कैप फंड्स में आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लार्ज कैप अच्छे प्रदर्शन के कारण सबसे अलग है। मई 2008 में लॉन्च यह फंड 17 साल से अधिक का हो चुका है। इसका एसेट अंडर मैनेजमेंट 75,863 करोड़ रुपये है। तवाकले के अनुसार, किसी भी कंपनी को इस पोर्टफोलियो में शामिल होने के लिए मुनाफे का सच्चा ट्रैक रिकॉर्ड होना चाहिए। 17 साल मे इस फंड ने कई घटनाओं का सामना किया है। इनमें 2008 के वित्तीय संकट से लेकर 2020 में कोविड-19 महामारी तक हैं। फंड ने कम उतार-चढ़ाव दिखाया व उन को अच्छा अनुभव दिया जो लंबे समय तक निवेश में बने रहे। किसी ने 23 मई, 2008 में इस फंड में 10 लाख का निवेश किया होगा तो यह इस साल 31 अक्तूबर तक 1.13 करोड़ हो गया होगा। 15 फीसदी चक्रवृद्धि रिटर्न।

## अब तक का सबसे बड़ा श्रम सुधार: नई श्रम संहिता मजदूर हितों को देंगी नई दिशा, BMS ने बताया ऐतिहासिक कदम



भारत में नई श्रम संहिताओं को अब तक का सबसे बड़ा श्रम सुधार बताया जा रहा है। भारतीय मजदूर संघ के अखिल भारतीय मंत्री गिरीश आर्य ने कहा कि ये कानून मजदूरों को सुरक्षा, सम्मान और आर्थिक अधिकार सुनिश्चित करते हैं। विकसित भारत का सपना तभी सच हो सकता है, जब देश के मेहनती कामगारों को पूर्ण सम्मान मिले और उनकी सुरक्षा मजबूत हो। कामगारों और उद्योगों के बीच एक मजबूत और भरोसेमंद रिश्ता ही देश की अर्थव्यवस्था को टिकाऊ बनाता है और उसे रफ्तार देता है। लंबे समय से चली आ रही पुरानी व्यवस्थाओं की सीमाओं और विसंगतियों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। सरकारी आंकड़े दर्शाते हैं कि विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार का अनुपात ऐतिहासिक रूप से अपेक्षा से कहीं कम रहा है, जिसके कारण भारत की उत्पादन क्षमता और औद्योगिक विस्तार की वास्तविक संभावनाएं पूरी तरह विकसित नहीं हो सकी हैं। ऐसे परिप्रेक्ष्य में पुराने श्रम कानूनों की जटिलताओं एवं भिन्न-भिन्न प्रावधानों को दूर करने के लिए व्यापक और संरचनात्मक सुधार समय की मांग बन चुके थे। एक उत्तरदायी श्रमिक संगठन के रूप में हमारा मानना है कि नई श्रम संहिताएं श्रमिक हितों को मजबूत करने, अधिक अवसर प्रदान करने और सुरक्षित-सम्मानजनक कार्य वातावरण सुनिश्चित करने की दिशा में दूरदर्शी कदम हैं।

## Crude Oil: कच्चे तेल में भारी गिरावट की तैयारी! 2027 तक 30 डॉलर प्रति बैरल होने का अनुमान



कच्चे तेल की कीमतों में भारी गिरावट आ सकती है। जेपी मॉर्गन का अनुमान है कि मार्च, 2027 तक ब्रेंट क्रूड 30 डॉलर प्रति बैरल तक गिर सकता है। इस संभावित गिरावट का कारण बढ़ती हुई अतिरिक्त आपूर्ति है, जो स्थिर मांग वृद्धि को दबा सकती है। अभी यह 60 डॉलर प्रति बैरल है। तीन वर्षों में तेल की खपत में वृद्धि के बावजूद आपूर्ति में वृद्धि विशेष रूप से गैर-ओपेक प्लस उत्पादकों से वैश्विक बाजार को प्रभावित करेगी। इससे कीमतों पर भारी असर पड़ेगा। वैश्विक तेल मांग 2025 में बढ़कर 10.5 करोड़ बैरल रोजाना तक पहुंचने की उम्मीद है। 2026 में भी इसी गति से वृद्धि जारी रहेगी। 2027 में इसमें और तेजी आएगी। इस स्थिर वृद्धि के बावजूद जेपी मॉर्गन का अनुमान है कि 2025 और 2026 में आपूर्ति मांग की दर से तीन गुना बढ़ेगी। 2027 में आपूर्ति वृद्धि धीमी होने के बावजूद यह बाजार की जरूरी क्षमता से काफी ऊपर रहेगी। कच्चा तेल साल के अंत तक 50 डॉलर के निचले स्तर तक गिर सकता है। 2027 में औसतन 42 डॉलर के आसपास रह सकता है। हालांकि, पूरी गिरावट शायद न हो, लेकिन स्वैच्छिक व अनैच्छिक उत्पादन कटौती के जरिये पुनर्संतुलन होगा। तेल आयात पर निर्भर रहने वाले भारत जैसे देशों को कम कच्चे तेल की कीमतों से आर्थिक लाभ मिल सकता है। हालांकि, ग्राहकों को इसका फायदा नहीं मिलेगा। दो वर्षों से कच्चे तेल की कीमतों में कई बार भारी गिरावट आई है, फिर भी देश में डीजल-पेट्रोल की कीमतें ऊंचे भाव पर हैं। जेपी मॉर्गन ने कहा 2027 तक अपेक्षित अतिरिक्त आपूर्ति का आधा हिस्सा गैर ओपेक प्लस देश के बाहर से आएगा।

## Gold Price: सोने के दाम में भारी तेजी! अगले साल 5000 डॉलर प्रति औंस का अनुमान;




अमेरिका में दिसंबर में ब्याज दरों में कटौती की संभावना के कारण सोना वैश्विक स्तर पर मजबूत बना हुआ है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में दाम फिलहाल 4,160 डॉलर प्रति औंस के करीब है। देश में मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर भी तेजी देखी जा रही है। बढ़ती मांग व वैश्विक कारकों के चलते सोने की कीमत 2026 में 5,000 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच सकती है। बैंक ऑफ अमेरिका (बोफा) की रिपोर्ट के अनुसार, बेहतर स्थितियों के चलते 2026 में सोने का औसत दाम 4,538 डॉलर प्रति औंस रह सकता है। यह 5,000 डॉलर तक भी जा सकता है। अमेरिका में दिसंबर में ब्याज दरों में कटौती की संभावना के कारण सोना वैश्विक स्तर पर मजबूत बना हुआ है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में दाम फिलहाल 4,160 डॉलर प्रति औंस के करीब है। देश में मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर भी तेजी देखी जा रही है। सोने का 5 दिसंबर के कॉन्ट्रैक्ट का दाम 0.87 प्रतिशत बढ़कर 1,24,935 रुपये हो गया है। बोफा की रिपोर्ट के अनुसार, सोने में तेजी के लिए अतिरिक्त गुंजाइश अब भी बाकी है, क्योंकि कीमत बढ़ने के साथ संस्थागत निवेश कमजोर है। अगर वैश्विक कारक पहले की तरह आने वाले समय में भी बने रहते हैं तो कीमतें और तेजी से बढ़ेंगी। इन कारकों में सरकारी ऋण स्तर में वृद्धि, अधिक महंगाई, कम होतीं ब्याज दरें और अपरंपरागत अमेरिकी आर्थिक नीतियों का प्रभाव शामिल है। टैरिफ और महंगाई के चलते बीते एक साल में सोने में करीब 50 प्रतिशत की तेजी देखी गई है। दुनिया के बड़े निवेश बैंकों में से एक गोल्डमैन सैश का भी कहना है कि सोना अगले साल तक 5,000 डॉलर प्रति औंस तक जा सकता है।


BOOK YOUR ADVERTISEMENT
+91 7088120612


PlanetC Technology
Digital Payment Instant Solution
इस 2025 शुरू करे अपनी Fintech Company और बनाएँ
अपना खुद का Multi Recharge Software
ADMIN PANEL
API PANEL
आपका भरोसा, हमारी पहचान PlanetC Technology सदा आपके साथ
Software / Api Panel / All other Validation
B2B B2C Software | AEPS DMT Software | White Lebal Software | HRMS Software | Multi Recharge Software
| CRM Software | School Software | News Software | Inventory Software | Ecommerce Software
Rs.60,000
मात्र
Rs. 50,000
Account Opening
DMT (MoneyTransfer)
DTH Recharge
AEPS
CMS Service
Fastag Recharge
Insurance
Postpaid Recharge
Utility Bills
PlanetC Technology की विश्वसनीय वित्तीय सेवाओं का लाभ उठाएं
और अपने जीवन को बेहद सरल बनाएं।
MORE INFORMATION
www.pctpay.com
+91 7088120300
Follow us on:/


PLANET NEWS
हर खबर सच के साथ
INDIA
PROMOTE YOUR
BUSSINESS ON
NEWS CHANNEL
Enquire today for best News Channel Ad Packages
Our Service:
Product Advertising
Service Advertising
Business Advertising
Contact Us
+91 7088120612
www.planetnewsindia.com
Follow on:


Book Your
AD Here
ADS
+91 7088120612


PlanetC Technology
Digital Payment Instant Solution
WE ARE
HIRING
FOR FIELD SALES & MARKETING
VACANCY
OPEN POSITION
Field sales executive
Field sales officer
Team leader
APPLY NOW
Send your CV to:
hr@planetctechnology.com
B-9, Gayatri Bhawan, Vikram Colony Ramghat
Road Aligarh, Uttar Pradesh, 202001


PlanetC Technology
Digital Payment Instant Solution
Follow us on:/
DIGITAL INDIA के ज़माने में
बढ़ाएं अपनी इनकम
MULTI RECHARGE SOFTWARE
के साथ...
साथ में मिलेगी ये सुविधाएं...
Mobile Recharge
DTH Recharge
Bill Payment
Pan Card
BBPS Service
Money Transfer
AEPS Cash Withdrawal
SPECIAL OFFER
Rs.60,000
मात्र
Rs. 40,000
MORE INFORMATION
www.pctpay.com
+91 7088120900


Book Your
AD Here
ADS
+91 7088120612

# IND vs SA Live Score:

## 77 पर द. अफ्रीका को तीसरा झटका, रिकेल्टन-मार्करम के बाद बावुमा भी आउट,



Cricket Score Today IND vs SA 2nd Test Day 4 भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा और आखिरी मुकाबला गुवाहाटी में जारी है। मंगलवार को टेस्ट का चौथा दिन है। द. अफ्रीका ने अपनी पहली पारी में 489 रन बनाए थे। जवाब में भारत की पहली पारी 201 रन पर सिमट गई थी। दक्षिण अफ्रीका भारतीय टीम को फॉलोऑन न खिलाते हुए दूसरी पारी में बल्लेबाजी के लिए उतरा और उसकी दूसरी पारी जारी है।

Score IND vs SA: दक्षिण अफ्रीका को तीसरा झटकादक्षिण अफ्रीका को 77 के स्कोर पर तीसरा झटका लगा। वॉशिंगटन सुंदर ने तेम्बा बावुमा को लेग स्लिप में कैच कराया। वह तीन रन बना सके। फिलहाल टोनी डी जॉर्जी और ट्रिस्टन स्टब्स क्रीज पर हैं। दक्षिण अफ्रीका की बढ़त फिलहाल 365 रन की हो चुकी है। इससे पहले जडेजा ने मार्करम और रिकेल्टन को पवेलियन भेजा था।दक्षिण अफ्रीका को दूसरी पारी में 74 के स्कोर पर दूसरा झटका लगा। रवींद्र जडेजा ने एडेन मार्करम को क्लीन बोल्ड किया। वह 29 रन बना सके। फिलहाल ट्रिस्टन स्टब्स और कप्तान तेम्बा बावुमा क्रीज पर हैं। दक्षिण अफ्रीका की कुल बढ़त फिलहाल 362 रन की है। इससे पहले जडेजा ने रिकेल्टन को भी सिराज के हाथों कैच कराया था।दक्षिण अफ्रीका को दूसरी पारी में 59 के स्कोर पर पहला झटका लगा। जडेजा ने रिकेल्टन को सिराज के हाथों कैच कराया। वह 35 रन बना सके। फिलहाल ट्रिस्टन स्टब्स और एडेन मार्करम क्रीज पर हैं। दक्षिण अफ्रीका को पहली पारी के आधार पर 288 रन की बढ़त मिली थी। कुल मिलाकर दक्षिण अफ्रीका की बढ़त 347 रन की हो चुकी है।

# Khelo India University Games: लोहागढ़ स्टेडियम में कुश्ती प्रतियोगिताओं से आगाज, भायीं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां




Bharatpur News: भरतपुर के लोहागढ़ स्टेडियम में खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी खेलों का भव्य शुभारंभ हुआ। कुश्ती मुकाबलों की शुरुआत के साथ सांस्कृतिकप्रस्तुतियों ने माहौल सजाया। विधायक डॉ. शैलेश सिंह ने इसे युवाओं केलिए बड़ा अवसर बताया। कार्यक्रम में कई अधिकारी और खेल पदाधिकारी उपस्थित रहे।खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी खेलों का सोमवार को भरतपुर के लोहागढ़ स्टेडियम में आकर्षक आयोजन के साथ शुभारंभ किया गया। डीग-कुम्हेर विधायक डॉ. शैलेश सिंह, जिला कलक्टर कमर चौधरी, पूर्व सांसद रामस्वरूप कोली और जिलाध्यक्ष शिवानी दायमा सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की।अतिथियों ने छात्र और छात्रा वर्ग के कुश्ती खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल प्रतियोगिताओं का औपचारिक शुभारंभ किया। खिलाड़ियों में उत्साह और जोश देखने को मिला। इस आयोजन को खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के तहत भरतपुर में आयोजित किए जाने से स्थानीय खेल प्रतिभाओं को बड़े मंच पर अपनी क्षमता प्रदर्शित करने का अवसर मिला है। समारोह में कलाकारों ने राजस्थानी घूमर और होली गीतों पर शानदार प्रस्तुतियां दीं। टीएम पब्लिक स्कूल और आर्मी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने भी आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों सेउपस्थित लोगों का मन मोह लिया।विधायक डॉ. शैलेश सिंह ने कहा कि खेलो इंडिया गेम्स का शुभारंभ जयपुर स्टेडियम से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किया है। भरतपुर में कुश्ती और बॉक्सिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन युवाओं के लिए बड़ा अवसर है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच से शुरू हुआ यह अभियान स्कूली बच्चों को खेलों से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम बन चुका है। आज युवा खेलों को करियर के रूप में अपनाकर आगे बढ़ रहे हैं, और खेलो इंडिया कार्यक्रम उन्हें एक सुरक्षित भविष्य की दिशा देता है। उन्होंने भरतपुर में इतने बड़े स्तर के आयोजन के लिए मुख्यमंत्री का आभार भी व्यक्त किया।

# टीम इंडिया दबाव में!: गुवाहाटी में बल्लेबाजी फेल होने पर हुई गंभीर की आलोचना, फैंस ने ग्रेग चैपल से तुलना




टीम इंडिया के लगातार बदलते बैटिंग ऑर्डर, अनियंत्रित रोटेशन और पिच आधारित रणनीति ने फैंस को नाराज कर दिया है। आलोचकों का आरोप है कि गंभीर खिलाड़ियों को उनके सही बल्लेबाजी स्थान पर टिकने ही नहीं देते।भारतीय क्रिकेट टीम के कोच गौतम गंभीर एक बार फिर विवादों के केंद्र में हैं। गुवाहाटी में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट की पहली पारी में भारतीय टीम की शर्मनाक बल्लेबाजी ने गंभीर की रणनीतियों और टीम कॉम्बिनेशन पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। कई फैंस और एक्सपर्ट गंभीर की तुलना पूर्व कोच ग्रेग चैपल से कर रहे हैं, जिनके कार्यकाल को भारतीय क्रिकेट का सबसे कठिन दौर माना जाता है।बारसापारा स्टेडियम में भारत को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 489 रन के बड़े अंतर से पिछड़ते हुए जवाब देना था, लेकिन पूरी टीम मात्र 201 पर ढेर हो गई। टीम की शुरुआत संतुलित थी और स्कोरबोर्ड 95/1 दिखा रहा था, लेकिन इसके बाद भारतीय बल्लेबाज ध्वस्त होते चले गए। सिर्फ यशस्वी जायसवाल (58) और वॉशिंगटन सुंदर (48) क्रीज पर टिक पाए। दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों साइमन हार्मर (3/64) और मार्को यानसेन (6/48) ने भारतीय बल्लेबाजी की कमजोरियों को बेनकाब कर दिया। केएल राहुल (22), ऋषभ पंत (7), और रवींद्र जडेजा (6) जैसे सीनियर खिलाड़ियों ने निराश किया।पहले टेस्ट में हार और दूसरे टेस्ट में खराब स्थिति के कारण भारत की वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2027 क्वालिफिकेशन की उम्मीदें भी कमजोर होती दिख रही हैं।

# Blind T20 WC: कर्नाटक में भाजपा अध्यक्ष विजयेंद्र ने चैंपियन भारतीय टीम को किया सम्मानित, साझा किया वीडियो



भारतीय टीम ने कोलंबो के पी सारा ओवल में खेले गए फाइनल मुकाबले में नेपाल को सात विकेट सेहराया था। इस टूर्नामेंट का आयोजन पहली बार हो रहा था और भारत इस वैश्विक टूर्नामेंट को जीतने में सफल रहा।भारतीय महिला दृष्टिबाधित टीम ने टी20 विश्व कप का खिताब जीत लिया है। जीत के बाद चैंपियन बेटियों का भारत में जोरदार स्वागत हुआ है। कर्नाटक में भाजपा अध्यक्ष बी वाई विजयेंद्र ने टी20 दृष्टिबाधित महिला विश्व कप 2025 जीतने वाली टीम इंडिया को बधाई और शुभकामनाएं दीं। कर्नाटक भाजपा ने इसका वीडियो भी साझा किया है। भारतीय टीम ने कोलंबो के पी सारा ओवल में खेले गए फाइनल मुकाबले में नेपाल को सात विकेट से हराया था। इस टूर्नामेंट का आयोजन पहली बार हो रहा था और भारत इस वैश्विक टूर्नामेंट को जीतने में सफल रहा। भारत ने नेपाल को पांच विकेट पर 114 रन पर रोक दिया था। जवाब में टीम ने 12 ओवर में तीन विकेट पर 117 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। भारतीय महिला दृष्टिबाधित टीम का फाइनल में ऐसा दबदबा रहा कि नेपाल की टीम अपनी पारी में सिर्फ एक बाउंड्री ही लगा सकी। भारत के लिए फाइनल में सबसे ज्यादा रन फुला सारेन ने बनाए। वह 44 रन बनाकर नाबाद रहीं। भारत ने सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराया था, जबकि नेपाल ने पाकिस्तान को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। इस टूर्नामेंट की सह-मेजबान श्रीलंका शुरुआती दौर में पांच में से सिर्फ एक मैच जीत सकी थी। टीम ने अमेरिका को हराया था। पाकिस्तान की मेहरीन अली छह टीमों के बीच खेले गए इस टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली बल्लेबाज रहीं। उन्होंने 600 से ज्यादा रन बनाए जिसमें श्रीलंका के खिलाफ 78 गेंदों पर 230 रन बनाना शामिल है। मेहरीन ने इसके अलावा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 133 रन बनाए थे।